# प्रेस नोट- थाना कलान

## जनपद शाहजहाँपुर

### सराहनीय कार्य दिनांक 06.08.2026

## थाना कलान पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, 03 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद

पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना कलान के नेतृत्व में चलाए जा रहे चिन्हित अपराधियों की गिरफ्तारी, वांछित/वारंटी/जिलाबदर अपराधियों की तलाश एवं गिरफ्तारी तथा अवैध शराब, अवैध शस्त्र एवं शातिर चोरों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही अभियान के क्रम में थाना कलान पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 04.08.2026 को वादी श्री विनोद पुत्र रम्मू निवासी ग्राम हरेली नेकपुर, थाना कलान, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना कलान पर एक तहरीर प्रस्तुत की गई, जिसमें अज्ञात अभियुक्त द्वारा उनकी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पंजीकरण संख्या UP 27 BQ 6944 चोरी कर ले जाने के संबंध में सूचना दी गई । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर तत्काल मु०अ०सं० 262/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त चोरी गई मोटरसाइकिल की बरामदगी एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 06.08.2026 को गठित पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र रामनरेश यादव निवासी ग्राम छेदा नगला, थाना गंजडुण्डवारा, जनपद कासगंज को ग्राम भर्रामई स्थित काली माता मंदिर के पास से चोरी की मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस पंजीकरण संख्या UP 27 BQ 6944 सहित समय रात्रि 00:16 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से की गई विस्तृत पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपने साथी पिन्टू पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम छेदा नगला, थाना गंजडुण्डवारा, जनपद कासगंज के साथ मिलकर दिनांक 03.08.2026 को कस्बा कलान में आँधीदेई से पूर्व गौशाला के पास से उक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी की थी। चोरी करने के उपरांत वह मोटरसाइकिल अपने घर ले गया था तथा आज उसे बेचने के उद्देश्य से ले जा रहा था, तभी पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि उसने पूर्व में एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल थाना मिर्जापुर गेट के पास से तथा एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल नौगवां मुबारकपुर, थाना कलान क्षेत्र से चोरी की थी तथा दोनों मोटरसाइकिलों को नौगवां मुबारकपुर से आगे मिर्जापुर रोड स्थित एक बंद पड़े भट्टे पर छिपाकर रखा है। अभियुक्त की निशानदेही पर उक्त स्थान से निम्नलिखित चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं- HF Deluxe पंजीकरण संख्या UP 27 AC 2905, Passion Pro पंजीकरण संख्या UP 80 CV 0448 । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण (1) पुष्पेन्द्र पुत्र रामनरेश यादव एवं (2) पिन्टू पुत्र रामनिवास, निवासीगण ग्राम छेदा नगला, थाना गंजडुण्डवारा, जनपद कासगंज का नाम प्रकाश में आया तथा अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पेन्द्र उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

पुष्पेन्द्र पुत्र रामनरेश यादव निवासी ग्राम छेदानगला थाना गंज डुंडवारा जनपद कासंगज (उम्र करीब 27 वर्ष)।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

थाना कलान क्षेत्रांतर्गत ग्राम भर्रामई स्थित काली मता मंदिर के पास दिनांक 06.08.26 समय 00.16 बजे।

## पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0स0 262/26 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर

## अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0स0 262/26 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
2. मु0अ0स0 60/2026 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज
3. मु0अ0स0 249/2024 धारा 305,317(2),331(4) बीएनएस थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज
4. मु0अ0स0 262/2024 धारा 317(2),317(5),318(4),336(3),338,340(2) बीएनएस थाना सहावर जनपद कासगंज
5. मु0अ0स0 166/2024 धारा 305,317(2), बीएनएस थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज
6. मु0अ0स0 180/2024 धारा 303(2)/ 317(2) बीएनएस थाना सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज
7. मु0अ0स0 157/2018 धारा 323,325,504,506 भादवि थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज

## बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद मोटरसाइकिल Splendor Plus, पंजीकरण संख्या UP 27 BQ 6944 ।
2. एक अदद मोटरसाइकिल HF Deluxe, पंजीकरण संख्या UP 27 AC 2905 ।
3. एक अदद मोटरसाइकिल Passion Pro, पंजीकरण संख्या UP 80 CV 0448 ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री प्रदीप रावत थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री मनोज कुमार उपाध्याय थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
3. हे0का0 306 रामनरेश थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर
4. रि0का0 रोहित थाना कलान जनपद शाहजहाँपुर